## सार-समाचार

### जरूरतमंद परिवारों को कपड़े एवं बर्तन बांटे



**रावतभाटा,** (निसं)। उपखंड कार्यालय के पास स्थित क्रेशर कच्ची बस्ती में निवास कर रहे जरूरतमंद परिवारों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं। पार्षद मनीष गिरी ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रेशर कच्ची बस्ती में रहने वाले एक सदस्य ने उन्हें सूचना दी और बताया की बस्ती में कई परिवारों को पहनने के लिए कपड़े एवं बर्तन की आवश्यकता हैं, पार्षद ने परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी में घर-घर पहुंचकर करीब 18 गठरी कपडे एवं बर्तन इकट्ठे किए और अपनी कार से क्रेशर कच्ची बस्ती में निवास कर रहे परिवारों के बीच कपड़े एवं बर्तन वितरित किए। इस मौके पर पार्षद मनीष गिरी, तरुण छाबडा, विनोद बुरट ने सहयोग किया। पार्षद मनीष गिरी ने बताया कि इस तरह की चीजे गरीब जरूरतमंद परिवारों को दी जा सकती हैं, हमारी छोटी सी मदद किसी के जीवन में खुशी बिखेर सकती हैं।

### अनुजा निगम द्वारा देय ऋण के लिए अब 30 नवम्बर तक कर सकेंगे आवेदन

**झालावाड़** (निसं)। परियोजना प्रबंधक अनुसूचित जाति, जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड झालावाड द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग, दिव्यांगजन एवं सफाई कर्मचारी से ऋण हेतु ऑनलाईन आवेदन 30 अक्टूबर तक आमंत्रित किए गए थे जिसकी तिथि बढाकर अब 30 नवम्बर 2024 कर दी गई है। परियोजना प्रबंधक ने बताया कि निगम की विभिन्न योजनाओं में 40 हजार से 10 लाख तक के ऋण 4 से 8 प्रतिशत ब्याज दरों पर 20 त्रैमासिक किश्तों में वसूल करने की शर्तों पर स्वीकृत किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि ऋण के लिए जन आधार कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, जाति प्रमाण-पत्र जिसमें टोकन नम्बर अंकित हों, बीपीएल कार्ड, राशन कार्ड आदि तथा बीपीएल नहीं हो तो आय प्रमाण-पत्र जो कि 6 माह से पुराना न हो, अदेय प्रमाण-पत्र एवं परियोजना विवरण दस्तावेज सहित ऑनलाईन आवेदन अनुजा निगम के पोर्टल पर ई-मित्र या स्वयं की एसएसओ आईडी के माध्यम से कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम एवं 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। आवेदनकर्ता की वार्षिक आय ग्रामीण क्षेत्र में 54,300 एवं शहरी क्षेत्र में 60,120 रुपए से कम होनी चाहिए। अन्य जानकारी के लिए दूरभाष नम्बर 07432-232129 या जिला कार्यालय कमरा नम्बर 432 मिनी सचिवालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

### कलेक्टर से मिले पेंशनर्स

**बूंदी** (निसं)। राजस्थान पेंशनर मंच जिला बूंदी के पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने आरजीएचएस की दवाइयां सुगमता से उपलब्धता को लेकर जिला कलेक्टर से तीसरी बार मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग की। पेंशनर मंच के जिला अध्यक्ष घनश्याम दुबे एवं मुख्य संरक्षक पुरुषोत्तम पारीक ने बताया कि प्रशासनिक शिथिलता और निजी पंजीकृत मेडिकल फार्मा स्टोर्स का स्वार्थ पूर्ण रवैए के कारण मनमर्जी से दवाइयां देना बंद कर रखा है। वहीं पेंशनर्स की लगातार शिकायत हैं कि मेडिकल स्टोर पांच की जगह दो दवाइयां देते हैं, वो भी सब्सीट्यूट होती हैं, जिनके लिए भी तीन बार घुमाते हैं और अनावश्यक परेशान करते हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष गोविंद सिंह एवं महामंत्री शंभू दयाल मेहरा ने कहा कि प्रशासन मेडिकल स्टोर्स के साथ वार्ता करें तथा समस्या का समाधान निकले वरना इनके लाइसेंस निरस्त कर इच्छुक व्यक्तियों के रजिस्ट्रेशन करे। प्रतिनिधिमंडल इसके उपरांत आरजीएचएस के नोडल अधिकारी व सहायक निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी विभाग बूंदी से मुलाकात की। इन्होंने शीघ्र मीटिंग कर समस्या के समाधान के लिए आश्वस्त किया। प्रतिनिधि मंडल में रामनिवास बैरवा एवं सुरेंद्र सिंह सोलंकी भी मौजूद रहे।

### 251 बच्चों को मिठाई के पैकेट बांटे



**बूंदी** (निसं)। रोटरी क्लब और रोटरेक्ट क्लब के संयुक्त तत्वाधान में शहर की बाणगंगा स्थित भील बस्ती में निवास करने वाले भील परिवार के 251 बच्चों को दीपावली त्यौहार के अवसर पर आतिशबाजी और मिठाई के पैकेट वितरित किए गए। रोटरी अध्यक्ष महेश पटौदी ने बताया कि क्लब द्वारा सेवा के भाव से भील बस्ती में पहुंचकर यह कार्य किया गया। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में बच्चों शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ावा देने के लिए पाठ्य सामग्री, सर्दी के मौसम में ऊनी वस्त्र भी वितरित किए जाएंगे। इस मौके पर सचिव सुरेश जागेटिया, महेंद्र जैन हरसोरा, रोटरेक्ट अध्यक्ष इंद्रेश सिंह, हासम भाई, ध्रुव व्यास,चंद्रप्रकाश सेठी ,ऋतुराज दाधीच, शैलेश चौबीसा मौजूद रहे।

### स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**रावतभाटा,** (निसं)। जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के आदेशानुसार वांछित अभियुक्तगणो के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत रावतभाटा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड, रावतभाटा पुलिस उप अधीक्षक वृत कमल प्रसाद मीणा के पर्यवेक्षण में रावतभाटा थानाधिकारी रायसल सिंह शेखावत के निर्देशन में हैड कानि. विक्रम सिंह मय जाप्ता कानि. रामअवतार, कानि. रविप्रकाश मय प्राइवेट वाहन से अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश बेगूं जिला चितौडगढ के रेफो स्थाई वारन्टी बंजरंग पिता कन्हैयालाल सेन जाति सेन (54) निवासी गांधीसागर जिला मन्दसौर मध्यप्रदेश 03 वर्षों से फरारा होने से अभियुक्त की धरपकड हेतु थाने से रवाना होकर। एकलिंगपुरा, बरखेडा, गांधीसागर तलाश करते हुए गरीठ मध्यप्रदेश से अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

### दीपावली मिलन दस नवंबर को

**बून्दी** (निसं)। सोमवार को श्री माथुर चतुर्वेदी महापरिषद जिला शाखा बूंदी की बैठक श्री रामगंज बालाजी में जिला अध्यक्ष रविन्द्र कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता और ओमप्रकाश चतुर्वेदी के मुख्यातिथ्य में संपन्न हुई, जिसमें आगामी वर्ष के लिए गतिविधियों और कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई। बैठक में विशिष्ट अतिथि भीलवाडा के कपडा व्यवसायी सुभाष चतुर्वेदी मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष चतुर्वेदी ने बताया कि दीपावली स्नेह मिलन समारोह आगामी 10 नवंबर रविवार को राजेश चतुर्वेदी के संयोजन में श्री मालनमासी बालाजी में मनाया जाएगा। इस दौरान महिला शाखा की जिला अध्यक्ष अरुणा चतुर्वेदी को मनोनित किया गया। इस दौरान जिला महामंत्री पं संदीप चतुर्वेदी, इंदुकुमार चतुर्वेदी, सतीश चतुर्वेदी, साधना चतुर्वेदी, भारती चतुर्वेदी, इंदु चतुर्वेदी सहित समाज बंधु मौजूद थे।

### नरेश टैक्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने

**बूंदी** (निसं)। हरियाली रिसोर्ट पर आयेजित टैक्स बार एसोसिएशन के चुनाव में नरेश जैन बाकलीवाल को टैक्स बार एसोसिएशन बून्दी का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। वहीं संरक्षक पद पर रविन्द्र काला को मनोनीत किया गया। चुनाव अधिकारी नरेश पाटोदी ने नरेश बाकलीवाल को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने की घोषणा की। उनके अध्यक्ष बनने पर टैक्स बार के सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष दीपक भूतड़ा, कोषाध्यक्ष दिलीप सिंह गौड़, सीए अमित गर्ग, सीए प्रवीण मूंदड़ा सहित टैक्स बार के सभी सदस्यों ने माल्यार्पण कर उनका हार्दिक अभिनंदन किया।

# 'मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए हो नियमित एंटी लार्वा व फॉगिंग गतिविधियां'

**बूंदी** (निसं)। पानी, बिजली एवं मौसमी बीमारियों संबंधी साप्ताहिक समीक्षा बैठक सोमवार को जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इसमें पेयजल, बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के प्रबंधों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में जिला कलक्टर ने आशान्वित ब्लॉक कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारियों को इसमें प्रगति लाने के लिए और बेहतर प्रयास करे। साथ ही इसकी प्रगति रिपोर्ट पोर्टल पर नियमित रूप से अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नैनवां ब्लॉक में मनरेगा के तहत अधिकाधिक जरूरतमंद व्यक्तियों को रोजगार मुहैया करवाया जाए। इसके अलावा जिन गांवों में कार्य स्वीकृत नहीं है, वहां कार्य स्वीकृत करवाकर रोजगार उपलब्ध करवाया जाए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए की सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करके इस बात की पूर्ण सुनिश्चितता करें कि किसी भी नवनिर्मित सड़क कि रोड कटिंग ना की जावे । उन्होंने मौसमी बीमारियों की रोकथाम के उपायों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि डेंगू व मलेरिया के संदिग्ध रोगियों के मिलने पर उस क्षेत्र में एंटी लार्वा व फागिंग की कार्रवाई विशेष ध्यान देकर करवाई जावे।

उन्होंने निर्देश दिए कि व्यक्तिगत लाभ के कार्यों के तहत शमशान विकास व कब्रिस्तान के अधिकाधिक प्रस्ताव तैयार करवाए जाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि लंबित कार्यो को जल्द पूर्ण करवाया जाए। उन्होंने सीईओ को निर्देश दिए कि सांसद व विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों की प्रगति को लेकर संबंधित अधिकारियों की बैठक ली जाए। राजकाज के माध्यम से कार्य संपादन को गति प्रदान की जाए। उन्होंने पीएम आदर्श ग्राम योजना के तहत प्रगति लाने के लिए संबंधित विभाग यथा जिला परिषद, कृषि, पशुपालन के अधिकारियों को प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुर्वेद विभाग नवीन चिकित्सालय के लिए भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव भिजवाए तथा विद्युत विभाग द्वारा बनाए जाने वाले तीन जीएसएस के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूर्ण करवाई जाए साथ ही कुसुम योजना के तहत लगने वाले जीएसएस व सौर ऊर्जा प्लांट्स के लिए जमीन चिन्हित की जावे। नन्दी शाला योजना में प्रगति लाने के लिए ग्राम पंचायत, पंचायत समिति एवं नगर निकाय से आवेदन के प्रस्ताव लेकर शीघ्र भिजवाएं जाएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि संपर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का तय समय पर निस्तारण किया जाए। इसके अलावा उन्होंने सभी विभागों को ई फाइलिंग प्रक्रिया में प्रगति लाने को लेकर निर्देशित किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, जिला परिषद सीईओ रवि वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता इन्द्रजीत मीणा, विद्युत निगम के एसई केके शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



**जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने पेयजल, बिजली आपूर्ति व्यवस्था एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के प्रबंधों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।**

## अन्तर्राष्ट्रीय कार्यशाला संपन्न

**कोटा,** (निसं)। ओम कोठारी ग्रुप ऑफ़ एज्युकेशनल इंस्टिट्यूट में एनएसएस इकाई के तहत कोटा में विद्यार्थियों में बढ़ते शैक्षणिक तनाव के माहौल के बीच विद्यार्थियों को खुश व तनाव मुक्त रहने हेतु कॉलेज मैनेजमेंट प्रतिनिधि सीमा कोठारी के प्रयासों से महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं व्याख्याताओं हेतु दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय ऑनलाईन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रमुख वक्ता विश्व के सबसे खुशहाल देश फिनलैंड से ओनी एजुकेशन के सीईओ कम्युनन ओली थे। कार्यशाला के दौरान संस्थान निदेशक डॉ.अमित सिंह राठौड़, प्राचार्या डॉ.गीता गुप्ता, प्राचार्या डॉ.स्नेहलता धर्मावत, एमबीए कॉ-ऑर्डिनेटर मोहित पंत, कन्वीनर डॉ.मीनल जैन, एनएसएस कॉ-ऑर्डिनेटर डॉ.शांता चौहान विद्यार्थीगण व व्याख्यातागण उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रवक्ता प्रतीक गुप्ता के अनुसार कार्यशाला के दौरान विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ओली ने विद्यार्थियों को लैडर ऑफ़ लाईफ के बारे में बताते हुए कहा कि जिंदगी की सीढ़ी हॉपलेस से शुरू होकर प्रोस्पेरिटी तक जाती है। जीवन में समस्याएं सभी के सामने आती है किंतु उनसे हताश होना उसका हल नहीं है। जीवन में आने वाली विभिन्न समस्याओं को विद्यार्थी अपने आप को शिक्षा के जरिए मजबूत कर, आत्म-नियंत्रित करके, अपने आप को समय देकर एवं स्वयं को अच्छे से पहचान कर अपनी खुशी के मार्ग ढूंढ सकते हैं। उन्होंने बताया कि चाहे को ही कोई भी देश या कोई भी जगह हो चुनौतियां सभी के सामने आती है।

## डीएपी की कमी को लेकर हाड़ौती सम्भाग के किसान चिन्तित

**कोटा,** (निसं)। रासायनिक उर्वरक डीएपी की कमी को लेकर हाड़ौती सम्भाग के किसान चिन्तित, परेशान है अतः डीएपी की बिना अटैचमेंट पर्याप्त आपूर्ति की मांग को लेकर सम्भाग अध्यक्ष गिरिराज चौधरी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने संभागीय कार्यालय पर नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए कोटा कमिश्नर के नाम ज्ञापन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रान्त अध्यक्ष शंकरलाल नागर, संभाग अध्यक्ष गिरिराज चौधरी, प्रान्त उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, प्रान्त विपणन प्रमुख घनश्याम मीणा, प्रदेश महिला प्रमुख रमा शर्मा, प्रान्त महिला प्रमुख रजनी धाकड़, कोटा जिलाध्यक्ष जगदीश कलमंडा, जिला मंत्री रूपनारायण यादव, संभाग सह मंत्री रमेश चंद्र, संभाग विपणन प्रमुख मुकुटबिहारी नागर आदि रहे। संभाग अध्यक्ष गिरिराज चौधरी ने बताया कि रबी सीजन की फसल बुवाई का समय आ रहा है और किसानों को फसल बुवाई के लिए आवश्यक डीएपी खाद अभी तक उपलब्ध नहीं है और दूसरी ओर खाद की कमी को देखते हुए व्यापारियों, कंपनियों द्वारा किसानों का जबर्दस्त तरीके से आर्थिक शोषण किया जा रहा है। डीएपी के दो कट्टों की कीमत जो 2700 रु है उसके साथ 1600 रु के लगभग अटैचमेंट के रुप में अन्य उत्पाद लगाकर दिया जा रहा है जो किसानों का घोर आर्थिक शोषण है इसे भारतीय किसान संघ किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रान्त अध्यक्ष शंकरलाल नागर ने बताया कि किसानों को शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए पर्याप्त डीएपी की आपूर्ति सहकारी समितियों के माध्यम बिना अटैचमेंट लगाए हो। यदि सरकार, प्रशासन किसानों के हित में ठोस कदम नहीं उठाती है तो मजबूरन किसानों को रोड़ पर उतरना पड़ेगा।

## दशहरा मेला की अवधि एक दिन बढ़ाई

**कोटा,** (निसं)। 131वें राष्ट्रीय दशहरा मेला में दुकानों के लिए एक दिन का समय बढ़ा दिया गया है। दशहरा मेला एवं अन्य उत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी ने बताया कि व्यापारियों के द्वारा मेला अवधि बढ़ाने की मांग की जा रही थी। वहीं धनतेरस पर खरीदारी को लेकर जनता की ओर से भी यह राय व्यक्त की जा रही थी। जिसे देखते हुए मेला अवधि एक दिन के लिए बढ़ा दी गई है। अब व्यापारी धनतेरस के दिन भी खुलकर व्यापार कर पाएंगे। वही लोगों को भी मेले में खरीददारी करने का अवसर मिल सकेगा। मेला अवधि के दौरान दिए गए संसाधनों के आधार पर ही अतिरिक्त दिन में व्यापार हो सकेगा।

## प्रस्ताव भेजने के निर्देश

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर को पीपल्दा गांव में ग्रामीणों ने यहां अमझार नदी पर स्थित जीर्ण-शीर्ण एनिकट के बारे में बताया। इस पर शिक्षा मंत्री ने जल संसाधन विभाग के अधीक्षण अभियंता आर.के.जैमिनी के साथ पीपल्दा गांव में बने अमझार नदी के पुराने एनिकट का अवलोकन किया।


**खोया पाया**

मुकेश कुमार राठौर पुत्र पुरुषोत्तम राठौर 3/95 स्वामी विवेकानन्द नगर का आवंटन को पजेशन पत्र कही गुम हो गया है, किसी को मिलने पर सूचित करें।

**अहपील की सुनवायी के लिय सूचना**
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता के आदेश 41 के नियम 14)
न्यायालय अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटा
रामप्यारी बनाम रामचरण वगैरा
अपील इंतकाल
अपील सं. 198/2011

वास्ते-
1. संतोष राज पुत्री लटूर जी मीणा निवासी रामपुरिया भगतान तहसील मांगरोल जिला बारां
2. मन्जू पुत्री लटूर जी मीणा निवासी रामपुरिया भगतान तहसील मांगरोल जिला बारां

आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले अपील में उक्त प्रार्थी अपीलान्ट ने इस न्यायालय में यह अपील/आवेदन किया है कि जिसका वर्णन अपील व प्रार्थना पत्र में अंकित है। इस न्यायालय द्वारा रजिस्टर करली गयी है और इस अपील की सुनवायी के लिए आगामी पेशी दिनांक 6.11.2024 नियत की गयी है।

यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिए कार्य करने के लिए विभिन्न प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनश्चित की जावेगी।

यह आज दिनांक 7.10.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा जारी किया गया।
मोहर अदालत

हस्ताक्षर
अतिरिक्त जिला कलेक्टर कोटा


## छबड़ा प्लांट में धरना जारी

**छबड़ा** (निसं)। ज्वाइंट वेंचर रुपी निजीकरण के खिलाफ आर-पार की लडाई का मन बना बना चुके थर्मल कर्मियों के आंदोलन का दसवे दिन भी प्रदर्शन जारी रहा। छबडा थर्मल के कर्मियों ने सोमवार को काले कपड़ों में विरोध प्रदर्शन किया और निजीकरण के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पिछले नौ दिन से चल रहे इस आंदोलन को थर्मल के सभी संगठनों ने अपना समर्थन दे दिया है। थर्मल कर्मियों के अनुसार ज्वाइंट वेंचर रुपी निजीकरण एक ऐसी बीमारी है जो सबको चपेट में लेगी। सरकार की मंशा धीरे-धीरे सभी थर्मल को निजी हाथों में देने की है। बिजली जो आमजन की मूलभूत आवश्यकता है, अगर वही निजी हाथों मे चली गई तो आम जनता, किसानों, बेरोजगार युवाओं और मजदूर वर्ग का नुकसान होना तय है। छबडा थर्मल राजस्थान का सबसे बडा बिजली उत्पादन प्लांट है। छबडा थर्मल के साथ-साथ उत्पादन निगम के ओर जितने भी प्लांट है वो पूरे राजस्थान की बिजली आपूर्ति की पूरी करते है।

# धनतेरस से दीपावली पर्व की समाप्ति तक यातायात की विशेष व्यवस्था रहेगी

**कोटा,** (निसं)। 29 अक्टूबर से 02 नवबंर तक धन तेरस से दीपावली पर्व की समाप्ति तक जनसमूह द्वारा की जाने वाली खरीददारी को मध्य नजर रखते हुए बाजारों में यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुचारू रूप से संचालित करने हेतु यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। जिसके तहत रामपुरा बाजार में जयपुर गोल्डन व सरोवर टॉकिज रोड से चौपहिया वाहनों का प्रवेश पूर्णतया: बन्द रहेगा। रामपुरा बाजार मे जाने वाले चौपहिया वाहन सरोवर पार्किंग व जयपुर गोल्डन पार्किंग में एवं तालाब की पाल के किनारे-किनारे वाहन पार्क कर सकेंगे, अग्रसेन बाजार में लोडिंग ऑटो व ठेले प्रवेश तो कर सकेंगे, लेकिन निकास चार खम्भा होकर सब्जीमंडी, बांस-बल्ली मार्केट से होगा, घण्टाघर से सब्जीमंडी आने वाले दुपहिया वाहन नाईयों की गली होकर जे.पी. सर्किल से निकल सकेंगे, चार खम्भे की तरफ प्रवेश पूर्णतया: वर्जित रहेगा, सब्जीमंडी, सुन्दर धर्मशाला, श्रीपुरा बस स्टैण्ड जाने वाले नागरिक अपने चौपहिया, तिपहिया वाहनों को बक्सों की दुकानों के सामने, पुराने सिटी बस स्टैण्ड पर खड़ा करेंगे, निकास जे.पी सर्किल, फूटा कोट, बल्लभबाड़ी होकर जा सकेंग, इन्द्रागांधी सर्किल गुमानपुरा की तरफ प्रवेश वर्जित रहेंगा, रघुनाथ चौक रामपुरा बाजार से बर्तन बाजार, बजाज खाना की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश बन्द रहेगा, कैथूनीपोल की तरफ से आने वाले चौपहिया, तिपहिया वाहन सुभाष सर्किल श्रीपुरा पर पार्क कर सकेंगे एवं मोहन टॉकीज की गली से जे.पी सर्किल की तरफ जा सकेंगे, गुमानपुरा बाजार में आने वाले चौपहिया, दुपहिया वाहन चौपाटी कट, कोटड़ी चौराहे की तरफ से प्रवेश होंगे, जो सड़क के दोनों ओर सफेद लाईन के अन्दर अपने वाहनों को खड़ा कर खरीददारी कर सकेंगे एवं वापसी में गुमानपुरा तिराहा से रावतभाटा रोड़ व फूटा कोट की तरफ जा सकेंगे, गुमानपुरा बाजार के व्यापारी एवं खरीददारी करने वाले नागरिक अपने वाहनों को मल्टीपर्पज पार्किंग में पार्क करेंगे, इन्द्रा गांधी सर्किल, गुमानपुरा बाजार में सभी तरफ से बस/मिनी बस एवं बड़े वाहनो का प्रवेश बन्द रहेगा। बड़े वाहन घोड़ा बाबा चौराहे, एरोड्राम सर्किल, कोटड़ी, बल्लभबाडी रोड, ज्वालातोप, सेवन वण्डर्स होकर आ-जा सकेंगे, रेल्वे स्टेशन की तरफ जाने वाले वाहन भीमगंजमण्डी थाने के सामने से बजरिया होकर रेल्वे स्टेशन पर जायेंगे। रेल्वे स्टेशन से शहर में आने वाले समस्त प्रकार के वाहन पानी की टंकी के पास वाले गेट से रेल्वे स्टेशन, वी.आई.पी गेट, पार्सल घर के सामने होकर देशराज तिराहे से अजय आहूजा पार्क, काली सड़क होकर शहर में आयेंगे। नागरिको से अनुरोध हैं कि यातायात व्यवस्था बनाये रखने में यातायात पुलिस का सहयोग करें ताकि यातायात व्यवस्था सुगम व सुचारू बनी रहे।

# पुलिस ट्रेनिंग स्कूल में दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन




**पुलिस ट्रेनिंग स्कूल झालरापाटन में सोमवार को महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेंज कोटा श्री रवि दत्त गौड़ के मुख्य आतिथ्य में प्रशिक्षु बैच संख्या 18/24 के दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया।**

**झालावाड़** (निसं)।पुलिस ट्रेनिंग स्कूल झालरापाटन में सोमवार को महानिरीक्षक पुलिस, कोटा रेंज कोटा श्री रवि दत्त गौड़ के मुख्य आतिथ्य में प्रशिक्षु बैच संख्या 18/24 के दीक्षांत परेड समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि ने दीक्षांत परेड समारोह के दौरान नव प्रशिक्षणार्थियों को जाति, धर्म व सम्प्रदाय की भावना से उपर उठकर जनता की सेवा कत्तर्व्यनिष्ठा से करने व अपने कार्यों को ईमानदारी, सजगता व साहस से करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

इस दौरान कमाण्डेन्ट पुलिस टेनिंग स्कूल गोपी चन्द मीणा द्वारा बैच संख्या 18/24 में 234 महिला व पुरूष प्रशिक्षुओं को दीक्षांत परेड समारोह में शपथ दिलाई गई तथा बैण्ड प्रदर्शन व यू.ए.सी. प्रदर्शन किया गया। वहीं इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा इन्डोर, आउटडोर व अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले नव आरक्षकगणों तथा उत्कृष्ट प्रशिक्षकों को पुरूस्कृत किया गया।

पुलिस टेनिंग स्कूल के कमाण्डेन्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि रिक्रूट कॉनिस्टेबल के इस बैच का प्रशिक्षण 14 जनवरी, 2024 से प्रारम्भ हुआ था, जिसमें विभिन्न विषयों में 36 सप्ताह का आधारभूत प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि यह प्रयास रहा है कि प्रशिक्षण हेतु सकारात्मक व स्वस्थ्य वातावरण प्रदान करके कार्य कौशल एवं व्यक्तित्व के बहुआयामी विकास के द्वारा ऐसे जिम्मेदार एवं कुशल पुलिसकर्मी विभाग में शामिल हो जो बदलती परिस्थितियों में चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सकें तथा जिन पर समाज व देश को गर्व हो।

प्रशिक्षण के दौरान जवानों को महिलाओं, बालकों, वरिष्ठ जन तथा समाज के कमजोर वर्गों के प्रति संवेदनशीलता रखने तथा जन सेवा, टीम भावना, स्वावलम्बन की भावना विकसित करने एवं स्वयं को स्वस्थ रखने पर विशेष जोर दिया गया। नव प्रशिक्षुओं को उच्च स्तर का अनुशासन बनाये रखने तथा धर्म, जाति व सम्प्रदाय की भावना से उपर उठकर निष्पक्षता, ईमानदारी व पारदर्शिता से कर्तव्य पालन की शिक्षा एवं दीक्षा दी गई है।

समारोह में पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर, उप वन संरक्षक सागर पंवार, अतिरिक्त जिला कलक्टर सत्यनारायण आमेटा, जिला परिषद् के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शम्भुदयाल मीणा, वृत्ताधिकारी झालावाड हर्षराज सिंह खरेडा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता हुकुमचंद मीणा, जिला खेल अधिकारी कृपाशंकर शर्मा सहित सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण व प्रशिक्षुओं के अभिभावक उपस्थित रहे।

## 51 प्रतिभाओं को सम्मानित किया

**छबड़ा** (निसं)। दो दिवसीय जिला स्तरीय आचार्य सम्मेलन एवं दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती के कोषाध्यक्ष आशीष रामपुरिया रहे। अध्यक्षता प्रधानाचार्य जगदीश नागर ने की। कार्यक्रम में जिले से 248 आचार्य व दीदी ने सहभागिता निभाई। जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार राठौर एवं जिला सचिव राजेंद्र कुमार शर्मा के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग कार्यवाह राधेश्याम पारेता ने बतौर मुख्य वक्ता के रूप में कहा कि समाज परिवर्तन के लिए संघ शताब्दी वर्ष के पांच परिवर्तन, सामाजिक, समरसता, पर्यावरण, संरक्षण स्व का बोध कुटुंब प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्य आवश्यक है। इन पांच परिवर्तनों से राष्ट्र का उत्थान होगा, यह आज की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन हम स्वयं एवं स्वयं के परिवार से प्रारंभ करें। मुख्य वक्ता ने कहा कि राष्ट्र उत्थान के आधार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के पंच परिवर्तन को जीवन में धारण करने का आग्रह किया।


**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-1390 **नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना** दिनांक:-28.10.24

नगर विकास न्यास कोटा की श्रीरामकृष्णपुरम-बी योजना के भूखंड/आवास संख्या एल-7 का हस्तान्तरण न्यास के पत्र दिनांक 17.05.2022 को श्री पवन कुमार शर्मा पुत्र श्री अमर चंद को हस्तान्तरण किया गया था। आवंटी की मृत्यु दिनांक 09.03.2024 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत आवंटी के विधिक वारिसान हकदार द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आई.डी., सहमति पत्र इत्यादि प्रस्तुत कर उक्त भूखंड/आवास को अपने नामहस्तान्तरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः प्राप्त विधिक राय अनुसार जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या एल-7 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-बी का नाम हस्तान्तरण श्री कार्तिक शर्मा एवं श्रीमती कृतिका शर्मा पुत्र/पुत्री/पत्नी श्री स्व. पवन कुमार शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण**

क्रमांक:-एफ 7/डी.टी.पी./2024/2260 **सूचना** दिनांक:-28.10.2024

राजस्व ग्राम बोरखेड़ा के खसरा नम्बर 279 (पार्ट) क्षेत्रफल 1435 वर्गमीटर के आवासीय से व्यवसायिक (पेट्रोल पम्प) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग हेतु आवेदक श्री यश आहूजा पुत्र श्री पंकज आहूजा द्वारा आवेदन किया गया है। जिस हेतु आवेदन द्वारा दिनांक 17.07.2024 को दैनिक भास्कर तथा चम्बल संदेश समाचार पत्र में विज्ञप्ति प्रकाशित करवाई गई थी। उक्त प्रकाशित विज्ञप्ति पर श्री मोहनलाल, मोहसीन खान, इरशाद, भजन लाल, संदीप कुमार नाम से कोटा विकास प्राधिकरण में आपत्ति दर्ज की गई है। प्रस्तुत आपत्ति में आपत्तिकर्ताओं द्वारा केवल नाम व एक मोबाईल नम्बर अंकित किया गया है, किन्तु पूर्ण पता व आई.डी. संलग्न नहीं की गई है। उक्त आपत्ति की सुनवाई हेतु इस कार्यालय के पत्र दिनांक 06.09.2024 एवं 18.09.2024 द्वारा उक्त आपत्तिकर्ताओं को आवश्यक दस्तावेज सहित दिनांक 11.09.2024 एवं 23.09.2024 को सुनवाई हेतु सूचित किया गया था, किन्तु आपत्तिकर्ता सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं हुए। आपत्तिकर्ताओं को दिये गये मोबाईल नम्बर पर भी सूचित किया गया है, परन्तु उचित प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। अतंतः आपत्तिकर्ताओं पर सुनवाई हेतु नियत तिथि की तामील समाचार पत्र के माध्यम से कराए जाने का निर्णय लिया है।

आप द्वारा लगाई गई आपत्ति की सुनवाई हेतु सात दिवस में सचिव महोदय के कक्ष में आवश्यक दस्तावेज सहित उपस्थित होवें। निर्धारित तिथि व समय पर सुनवाई हेतु उपस्थित नहीं होने की स्थिति में उक्त आपत्ति निरस्त कर दी जावेगी एवं आवेदक के पक्ष में सुनवाई की जाकर प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।

सचिव कोटा विकास प्राधिकरण

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक 4001 **जाहिर आम सूचना** दिनांक - 28.10.24

आवास संख्या 4/199 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री सत्येन्द्र कुमार बत्रा पुत्र श्री एन.एल. बत्रा को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्रीमती गीता शर्मा पत्नी श्री नन्द किशोर गौत्तम के नाम दिनांक 26.03.2004 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्रीमती गीता शर्मा पत्नी श्री नन्द किशोर गौत्तम द्वारा दिनांक 29.03.2005 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती गीता शर्मा पत्नी श्री नन्द किशोर गौत्तम की मृत्यु दिनांक 16.02.2024 को हो चुकी है। श्रीमती गीता शर्मा पत्नी श्री नन्द किशोर गौत्तम द्वारा इस आवास की वसीयत अपने जीवनकाल में जरिये वसीयत नामा आलेखित कर दिनांक 22.09.2012 को इनके पुत्र श्री लोकेश कुमार गौत्तम के पक्ष में आलेखित की गई। श्री लोकेश कुमार गौत्तम पुत्र श्री नन्द किशोर गौत्तम द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 4/199 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन अपने नाम आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर करने हेतु आवेदन किया गया।

अतः उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बन्धक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं वसीयत नामा के आधार पर श्री लोकेश कुमार गौत्तम पुत्र श्री नन्द किशोर गौत्तम के नाम करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री लोकेश कुमार गौत्तम पुत्र श्री नन्द किशोर गौत्तम के नाम किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन श्री लोकेश कुमार गौत्तम पुत्र श्री नन्द किशोर गौत्तम के नाम कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

रामपुरा बाजार शाखा, कोटा, राजस्थान 324006, फोन नं.: 0744 - 2380354
ई-मेल: kotah@bankofbaroda.com

**मांग सूचना-सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अन्तर्गत**

निम्नांकित ऋणियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उन्होंने बैंक से लिए गए ऋण की किश्तों एवं उसके ब्याज का समय पर भुगतान नहीं किया अतः उनका खाता एन.पी.ए. में वर्गीकृत हो गया हैं। बैंक द्वारा सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत उनको बैंक रिकॉर्ड के अनुसार उनके अंतिम ज्ञात पते पर नोटिस जारी किए गए थे जो कि उनके द्वारा प्राप्त नहीं किए जाने के फलस्वरूप पुनः लौटकर आ गए हैं। अतः उनको इस सामान्य नोटिस के द्वारा उक्त अधिनियम के तहत इस बारे में सूचित किया जाता है:

| ऋणियों का नाम एवं पता | प्रतिभूत आस्तियों/ दृष्टिबंधक चल सम्पत्ति का विवरण | नोटिस 13(2) की दिनांक | बकाया राशि (नोटिस 13(2) के अनुसार) |
|---|---|---|---|
| श्री अमित चेनानी पुत्र श्री हशमत राय चेनानी एवं श्रीमती ज्योति भाटी पत्नी श्री सुरेन्द्रसिंह भाटी, मकान नं. 68, चित्रगुप्त कॉलोनी, रीना ठाकुर हॉस्पीटल के सामने, दादाबाड़ी, कोटा, राजस्थान 324009 | श्री अमित चेनानी पुत्र श्री हशमत राय चेनानी के नाम कार किआ इंडिया प्राईवेट लिमिटेड, मोडल का नाम सोनेट जी1.2 5एमटी एचटीके प्लस, रजिस्ट्रेशन की दिनांक- 18-अक्टूबर-2022, रजिस्ट्रेशन नं. RJ20CJ2094, इंजन नं.- G4LFNV221056, चेसिस नं. MZBFB812LNN228332, कलर- क्लीयर व्हाईट, ईंधन का प्रकार- पैट्रोल का दृष्टिबंधक। | 09.10.2024; गैर निष्पादक आस्ति (एनपीए) दिनांक 08.02.2024 | दिनांक 06.10.2024 को बकाया राशि रू. 9,28,143.30 (रूपये नौ लाख अठाईस हजार एक सौ तैंतालीस एवं पैसे तीस मात्र) (दिनांक 06.10.2024 तक ब्याज शामिल करते हुए) एवं इसके आगे का ब्याज व अन्य खर्चे आदि। |

इस नोटिस के द्वारा उक्त ऋणियों के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही करते हुए उक्त उधारकर्ताओं को उक्त बकाया राशि इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिवस के भीतर पुनर्भुगतान हेतु आगाह किया जाता है, अन्यथा साठ (60) दिवस की समाप्ति के पश्चात सरफेसी अधिनियम की धारा 13(4) के अन्तर्गत वसूली कार्यवाही की जाएगी। ऋणियों को यह भी सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक के अधोहस्ताक्षरकर्ता/प्राधिकृत अधिकारी से किसी भी कार्य दिवस पर 13(2) के अन्तर्गत जारी नोटिस की मूल प्रति प्राप्त कर लेवें। **कर्जदारों का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुड़ाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।**

दिनांक: 28.10.2024
स्थान: कोटा

हस्ता.
प्राधिकृत अधिकारी





# मिलावट पर सख्त कार्रवाई, प्रदूषण नियंत्रण के लिए विशेष अभियान शुरू करने के निर्देश

**कोटा, (निसं)।** अंतर विभागीय समन्वय और विभिन्न योजनाओं की प्रगति समीक्षा बैठक सोमवार को कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में कलेक्टर ने सभी विभागों को अपने कार्यों में और अधिक समन्वय स्थापित कर जनता की समस्याओं के निराकरण पर जोर देने के निर्देश दिए। बैठक में त्योहारों के मौसम में मिलावटखोरी पर नियंत्रण, मौसमी बीमारियों पर अनुसंधान, फसल कटाई एक्सपेरिमेंट, प्रदूषण नियंत्रण, औद्योगिक विकास एवं अन्य मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई। डॉ. गोस्वामी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जगदीश सोनी को पुलिस और जिला रसद अधिकारी के साथ मिलकर त्यौहारी मौसम में मिलावटी खाद्य सामग्री पर सख्त निगरानी रखने और इसके खिलाफ व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएें कि मिलावटी खाद्य सामग्री बाजार तक न पहुंचे ताकि जनता के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखा जा सके। जिला कलक्टर ने चिकित्सा शिक्षा विभाग को मौसमी बीमारियों के आंकड़ों के आधार पर विशेष अनुसंधान करने के निर्देश दिऐं। ताकि मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए विशेष योजना एवं रणनीति बना कर प्रभावशाली करवाई की जा सके। इसके अलावा उन्होंने दीपोत्सव को देखते हुए बर्न वार्ड तैयार करने एवं स्टॉफ, दवाइयों और आवश्यक मशीनरी की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। डीएपी उपलब्धता की ली जानकारी कलक्टर डॉ गोस्वामी ने कृषि विभाग को निर्देश दिए कि वे क्रॉप कटिंग एक्सपेरिमेंट की जानकारी ऑनलाइन फीड करें साथ ही उन्होंने डीएपी के स्टॉक एवं आगामी खेप की स्थिति की जानकारी भी ली। उन्होंने कहा कि किसानों को वैकल्पिक व्यवस्थाओं की जानकारी देकर उचित मार्गदर्शन भी किया जाए। साथ ही, किसान मेले की तैयारी के लिए अन्य विभागों से जो अपेक्षाएं हैं उसकी जानकारी भी विभागों को समय पर दी जाए ताकि सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी कुशलता से निभा सकें।



**कोटा में जिला कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आवश्यक निर्देश दिये।**

उद्योग विभाग को कलेक्टर ने राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए एमओयू की प्रगति की नियमित बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उद्योगों को जमीन आवंटन एवं अन्य आवश्यक कार्रवाई में प्रशासन की ओर से पूर्ण सहयोग दिया जाए ताकि विकास के कार्यों को गति मिले।

सार्वजनिक निर्माण विभाग को निर्माण कार्यों को शीघ्र आरंभ करने तथा समस्त निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिए।

नगर निगम उत्तर और दक्षिण को स्वच्छता अभियान को नियमित रूप से संचालित करने के साथ ही, बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य सड़कों और ट्रैफिक वाले स्थानों पर स्मॉग गन का उपयोग करने पर भी बल दिया।

कलेक्टर ने सभी विभागों को

- **कलेक्टर ने कोटावासियों को दी दीपोत्सव की शुभकामनाएं**

निर्देश दिया कि वे संपर्क पोर्टल पर दर्ज शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक निस्तारण करें। अधिक शिकायत वाले विभागों की पृथक से बैठक आयोजित भी की जाएगी। डॉ.गोस्वामी ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को दृष्टिबाधित लोगों के लिए दो कक्षों को चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि वहाँ उनको विशेष संस्था द्वारा रोजगारपरक कोर्स कराया जा सके, जिससे वह आत्मनिर्भर बन सकें।

बैठक में जिला कलेक्टर ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व को शांति और सद्भावना के साथ मनाने का आग्रह किया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन मुकेश चौधरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर अनिल सिंघल, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, नगर निगम आयुक्त उत्तर अशोक त्यागी, नगर निगम आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव, केडीए सचिव कुशल कोठारी सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी बैठक में मौजूद रहे।

# श्रीराम क्लब ने धनतेरस समारोह धूमधाम से मनाया



**कोटा में श्रीराम क्लब द्वारा धनतेरस का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।**

**कोटा, (निसं)।** डी.सी.एम. श्रीराम लिमिटेड के श्रीराम क्लब की महिला इकाई द्वारा धनतेरस का पर्व सोमवार को हरियाली रिसोर्ट में धूमधाम से मनाया गया। समारोह का शुभारम्भ सलोनी मेहता एवं दीप्ति कौल ने सरस्वतीजी की प्रतिमा के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में क्लब की सदस्याओं द्वारा अनेक प्रस्तुतियाँ दी गयीं, जिसमें प्रियंका साहा ने एकल गान, हेमा सूद एवं खुशबू ने एकल नृत्य, ममता, दीपांशी, शैफाली एवं दिव्या ने समूह नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों का आयोजन नेहा अग्रवाल ने किया, जिसका सभी महिलाओं ने भरपूर आनन्द उठाया। कार्यक्रम का संचालन दीपांशी एवं प्रियादर्शिनी ने किया। कार्यक्रम में तम्बोला तथा लक्की डिप का आयोजन भी किया गया। सभी विजेताओं को सलोनी मेहता एवं दीप्ति कौल ने पुरस्कार प्रदान किये। धनतेरस पर्व के उपलक्ष में सभी महिलाओं को उपहार भी भेंट किये गये।

## शुभकामनाएं दी

**कोटा, (निसं)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने सोमवार को अपने विधानसभा क्षेत्र रामगंजमंडी में घर-घर पहुंच कर लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी।

## सार-समाचार

### एसडीपी के लिए करनी पड़ रही मशक्कत

**कोटा, (निसं)।** टीम जीवनदाता द्वारा मौसमी बीमारियां और अन्य बीमारियों को लेकर परेशान हो रहे मरीजों के परिजनों की हर संभव मदद की जा रही है। ब्लड व एसडीपी उपलब्ध कराए जाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि ओ नेगेटिव एसडीपी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, निजी अस्पताल में भर्ती कृष्णा की तबीयत बेहद खराब थी, प्लेटलेट लगातार गिरती जा रही थी, ऐसे में चिकित्सकों ने एसडीपी के लिए कहा, परिजन रोहन लगातार सभी ब्लड बैंकों में प्रयास कर चुके थे लेकिन उनकी मदद नहीं हो पा रही थी, ऐसे में टीम जीवनदाता से संपर्क किया तो हमेशा की तरह सेवा से लबरेज रहने वाले विनीत वाष्णेय को स्थिति की गंभीरता बताई और उन्हें रात को ब्लड बैंक बुलाया गया। विनीत सीधा अपना ब्लड सेंटर तलवंडी पहुंचे और उन्होंने एसडीपी डोनेट कर एक पुण्य कार्य किया। इस दौरान अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष दिनेश विजय ने यह पूरी जंदोजहद देखी तो चिंतित हो उठे, सभी कार्य को छोड़कर एसडीपी उपलब्ध कराने के कार्य को प्राथमिकता दी और कहा कि मानव जीवन और किसी की मदद से बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। समय रहते मरीज को एसडीपी चढ़ाई गई और परिजनों ने राहत की सांस ली। दिनेश ने कहा कि हर समय पुण्य के लिए अवसर होता है।

### यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया

**कोटा, (निसं)।** त्यौहारी सीजन में दीपावली एवं छठ पूजा पर कोटा से विशेष रूप से उत्तर भारत की ओर जाने वाले यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गए है। जिसके मद्देनजर सोमवार को डीआरएम मनीष तिवारी ने कोटा रेलवे स्टेशन के 1 से 4 सभी प्लेटफ़ॉर्म पर संबंधित अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था एवं यात्री सुविधाओं का औचक निरीक्षण किया। डीआरएम ने कोटा स्टेशन पुनर्विकास कार्य, यात्रियों के लिए प्लेटफ़ॉर्म पर पर्याप्त आवागमन का रास्ता, ट्रेन डिसप्ले का सटीक प्रदर्शन, सीसीटीवी की वर्किंग, स्टेशन पर साफ-सफाई व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था, यात्रियों के समुचित टिकट विंडों की व्यवस्था, आटोमेटिंक टिकट वेंडिंग मशीन का सुचारू रूप से कार्य करना, बैग स्कैनर मशीन की कार्यशीलता एवं सुरक्षा व्यवस्था का मुवायना किया। यात्रियों की सुविधा हेतु कोटा से दानापुर के लिए दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिससे त्यौहारी सीजन में यात्रियों को भीड़ से राहत मिल सके। त्यौहार में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए डीआरएम ने स्टेशन पर बेहतर यात्री सुविधाओं, कोटा-पटना एक्सप्रेस एवं अवध एक्सप्रेस की विशेष रूप से सुरक्षा निगरानी के निर्देश दिए।

### वायु प्रदूषण के खिलाफ कार्य कर रहा है कोटा उत्तर नगर निगम

**कोटा, (निसं)।** कोटा उत्तर नगर निगम प्रशासन द्वारा दीपावली के अवसर पर शहर को और अधिक स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए तेजी से कार्यवाही करने के साथ-साथ शहर की आबो-हवा को प्रदूषण मुक्त बनाए रखने की दिशा में भी कार्यवाही की जा रही है। कोटा उत्तर निगम के आयुक्त अशोक त्यागी ने बताया कि वायु प्रदूषण से मुक्ति और अधिक से अधिक शुद्ध हवा की उपलब्धता के दृष्टिगत वायु सूचकांक मात्रा को कम करने के लिए शहर के अधिक प्रदूषित वायु मंडल वाले स्थानों पर वॉटर स्प्रींकलर एन्टी स्मॉग गन का प्रयोग किया जा रहा है। जिससे हवा में प्रदूषण का असर खत्म हो सकें उन्होने बताया कि इसके लिए 03 वॉटर स्प्रींकलर एन्टी स्मॉग गन लगाई गई है। आयुक्त ने बताया कि इसके साथ ही शहर के मुख्य मार्गो के डिवाईडरों व फुटपाथों को साफ-सुथरा और चमकदार बनाए रखने के लिए उनकी सफाई और पानी से धुलाई भी करवाई जा रही है। इसके लिए 500 लीटर पानी की क्षमता वाले 05 ऑटो जेटिंग लगाए गए हैं।

### गाली गलौच कर रहे युवकों को टोकना पड़ा दुकानदार को भारी

**कोटा, (निसं)।** अनंतपुरा इलाके में दुकान के सामने बैठकर गाली गलौच कर रहे हैं कुछ युवकों को टोकना दुकानदार को उस समय भारी पड़ गया जब युवकों ने दुकानदार पर हमला कर उसे घायल कर दिया जानकारी के अनुसार अनंतपुरा तालाब गांव निवासी राम जानकी जिसकी घर के बाहर एक छोटी सी दुकान है और उसी दुकान के सामने एक चौक में कुछ युवक बैठकर शराब के नशे में गाली-गलौच कर रहे थे। जब वह दुकान पर नहीं थी उस समय उसका बेटा दुकान पर बैठा हुआ था उसी समय उसका किराएदार आया और उसके बेटे से सिम पोर्ट करने की बात कर रहा था। उसका बेटा और किराएदार दोनों आपस में बात कर रहे थे तभी एक युवक आया और किराएदार से धक्का-मुक्की करने लगा। जब बेटे ने भी बीच-बचाव किया तो उन लोगों ने उसके बेटे पर भी हमला कर दिया। पूरा मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ युवकों के खिलाफ अनंतपुरा थाने में महिला ने शिकायत दी। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# कोचिंग संस्थानों के खिलाफ आवाज उठाते हुए सुधार की मांग की

**कोटा, (निसं)।** निजी स्कूल संचालकों के संगठन की प्रदेशस्तरीय बैठक 'सार्थक संगत' कोटा में आयोजित हुई है।इसमें प्रदेश की प्राईवेट स्कूलों की यूनियन्स एक स्वर में कोचिंग संस्थानों के खिलाफ मुखर हुए। इसमें वक्ताओं ने सरकार से कहा कि दसवीं कक्षा से नीचे के बच्चों को कोचिंग संस्थाओं में प्रवेश पर सरकार रोक लगाए ताकि बच्चों का स्कूलों में सर्वांगीण विकास हो सके।

उन्होंने आरोप लगाया कि ये संस्थाएं विदेशी धन से चल रही हैं यहां सफलता का प्रतिशत मात्र तीन फीसदी है। नेशनल इंडिपेंडेंस स्कूल एलायंस 'निशा' के राजस्थान प्रभारी डॉ.दिलीप मोदी ने बताया कि कोचिंग संस्थान नियमों के विरुद्ध जाकर काम कर रहे हैं। बच्चों को गुमराह किया जा रहा है और कोचिंग में पढ़ने वाले बच्चों में से केवल तीन फीसदी का सिलेक्शन यहां से होता है जबकि 97 फीसदी बच्चे बैरंग लौट जाते हैं। सरकार ने दसवीं तक बच्चों को कोचिंग नहीं पढ़ाने के निर्देश दिए हैं लेकिन अभी भी कोचिंग संस्थान नियम विरुद्ध प्रवेश ले रहे हैं।

उन्होंने कहा कि वे इन कोचिंगों के खिलाफ नहीं है लेकिन स्कूलों में बच्चों का 360 डिग्री डेवलपमेंट होता है। शिक्षा विभाग के कई नियम कायदे जितने स्कूलों में लागू हैं, उतने इन कोचिंग संस्थानों में नहीं है। मोदी ने आरोप लगाया कि ये फॉरेन फंडिंग के सहारे बच्चों का एडमिशन ले रहे हैं। इस दौरान प्राइवेट स्कूल एसोसिएशंस ने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि सरकार को इनसे 18 फीसदी जीएसटी मिल रहा है।



**कोटा में निजी स्कूल संचालकों के संगठन ने पत्रकार वार्ता आयोजित कर कोचिंग संस्थानों के खिलाफ आवाज उठाते हुए सुधार की मांग की।**

टैक्स से आय हो रही है इसलिए सरकार इन पर चुप्पी साधे बैठी है। 'निशा' के राजस्थान प्रभारी डॉ. मोदी ने कहा कि हम यह नहीं कह रहे कि कोचिंग संस्थानों को बंद कर दिया जाए लेकिन कक्षा 6 से 10वीं तक के बच्चों को समय पर स्कूल आना चाहिए। उसके बाद वह कोचिंग जाए तो कोई दिक्कत नहीं है। जबकि कोचिंग संस्थान कक्षा 6 से ही बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग का सपना दिखाने लग जाते हैं जबकि 30 हजार से ज्यादा कॅरियर ऑप्शन मौजूद

- **विदेशी धन से चल रहे कोचिंग संस्थानों में सफलता की दर महज तीन फीसदी**
- **कोचिंग संस्थानों पर भी कानूनी रूप से लगाम लगाने की मांग की गई**
- **कोटा में निजी स्कूल संचालकों के संगठन ने आरोप लगाया**

है। हर बच्चा कम फीस वाली इंजीनियर और मेडिकल की सीट्स पर एडमिशन नहीं ले सकता है। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष महेश गुप्ता ने कहा कि स्कूलों पर सैकड़ों तरह के कानून लागू हैं जबकि कोचिंग संस्थानों पर ऐसा कुछ नहीं हो रहा है। डमी विद्यार्थी संस्कृति को कोचिंग का खुला संरक्षण है। यह बंद होना चाहिऐं। सरकार को भी इस पर एक्शन लेना चाहिऐं। कोचिंग संस्थानों पर केंद्र सरकार पंजीयन और जारी की गई गाईडलाइंस का कानून बनाकर लागू करें।

# रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन ने जरूरतमंदों को दीपावली की खुशियां बांटी

**कोटा, (निसं)।** दीपावली खुशियों का महापर्व है। हर घर में खुशियों में दीपक रोशन हो, बच्चे पटाखे चलाएं और मिठाइयां पहुंचे। इस उद्देश्य से रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन ने दीपावली पर हर आंगन खुशियों से सारोबार हो इसके लिए पहल की है।

रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश जैन ने बताया कि इस वर्ष एसोशिएशन द्वारा दीपोत्सव जरूरतमंदो, असहाय एवं निर्धन परिवारों के बीच मनाया जाएगा। हमारा उद्देश्य है कि जरूरतमंद लोगों के जीवन में भी दीपावली की खुशियां आए। यह हमारे सामाजिक दायित्व का हिस्सा है। रिटायर्ड ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ने बताया कि इसका शुभारंभ गणेश उद्यान स्थित डेरे में रहने वाले गरीब परिवारों के बीच जाकर किया गया। गरीब बच्चों को मिठाईयां पटाखे एवं दीपक वितरित किए गए एवं बच्चों को भोजन कराया।

महामंत्री आर.के.जैन ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रायोजक ललित सगंतानी एवं प्रदीप अग्निहोत्री थे। आयोजन समिति के देवेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुख्य अतिथि संदीप पहाड़िया ने जरूरतमंद बच्चों के लिए हर संभव सहयोग के लिए कहा। विशिष्ट अतिथि धीरेंद्र जैन ने उच्च प्राथमिक शिक्षा के बाद बच्चों के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया एवं उच्च शिक्षा के लिए मार्गदर्शन की बात कही।

विशिष्ट अतिथि डी.डी. नेनानी, एस.के. गुप्ता, प्रदीप अग्निहोत्री, डी.एस. चौधरी, धीरेंद्र कुमार जैन सहित वी.के.शर्मा, अजय सोरल, परमानंद गोयल, अरविंद शर्मा, महावीर जैन, के.पी. गोरवाल, रवि गुप्ता, लक्ष्मण सिंह, रणवत सिंह राणा, प्रतीक गोयल सहित कई पदाधिकारी ने भाग लिया। गणेश उद्यान स्थित डेरे में रहने वाले बच्चों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने वाली डी.ए.वी.कोटा से सेवानिवृत शिक्षिका प्रवीण चौधरी का सम्मान भी किया गया। वे पिछले कई वर्षों से बच्चों को निरंतर निशुल्क शिक्षा एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवा रही है।






# भाजपा पार्षदों के वार्ड में ही विकास कार्यों के टेंडर जारी हुए

**कोटा, (निसं)।** कोटा दक्षिण नगर निगम क्षेत्र मे विकास कार्यों के टेंडर को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप लगाया जा रहा है कि कोटा दक्षिण में केवल भाजपा पार्षदों के वार्डों में ही विकास कार्यों के टेंडर जारी किए गए हैं। इसको लेकर कांग्रेस पार्षदों में खासी नाराजगी है और इसी नाराजगी को लेकर कांग्रेस पार्षदों का समूह कोटा दक्षिण

- **कांग्रेस पार्षदों ने नाराजगी जताते हुए आयुक्त और शहर कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात की**

नगर निगम आयुक्त से मिलने पहुंचा। आयुक्त से मुलाकात करके कांग्रेस पार्षदों ने भेदभाव का आरोप लगाते हुए अपनी नाराजगी प्रकट की है।

दरअसल निगम कोटा दक्षिण द्वारा 42 वार्डो की एक-एक करोड़ के विकास कार्या के लिए टेण्डर जारी किये है। यह सभी 42 वार्डो में भाजपा के पार्षद है कोटा दक्षिण नगर निगम में 80 में से बाकी के 38 वार्डो जिनमें कांग्रेस के पार्षद है उनके लिए कोई विकास कार्य के टेण्डर नही निकाले गये है।


**कोटा दक्षिण नगर निगम के वार्ड पार्षदों ने निगम द्वारा जारी टेंडर पर भेदभाव का आरोप लगाया है।**

कांग्रेस पार्षदों का कहना है कि कांग्रेस शासन के दौरान बिना किसी भेदभाव के पुरे कोटा शहर का विकास हुआ। तत्कालीन युडीएच मंत्री शांती धारीवाल द्वारा कोटा दक्षिण के सभी 80 वार्डो में करोड़ो रूपए के विकास कार्य करवाये। इसी बात को लेकर आज कांग्रेस के कई पार्षदों ने शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी के निवास पर पहुच कर रविन्द्र त्यागी से मुलाकात कर चर्चा की। चर्चा क दौरान शहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी ने स्पष्ट कहा कि विकास को लेकर भेदभाव किसी भी किमत पर बर्दाश्त नही किया जायेगा। त्यागी ने नगर निगम के अधिकारियों के चेतावनी देते हुए कहा कि विकास का राजनीतिकरण नही करके नगर निगम कोटा दक्षिण के समस्त 80 वार्डो में समानता के साथ बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यो के टेंण्डर जारी किये जाने चाहिए। अगर भेदभाव किया गया तो कांग्रेसजन इस मामले में चुप नहीं बैठेगा और नगर निगम कोटा दक्षिण पर विशाल प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान कोटा दक्षिण नगर निगम उपमहापौर पवन मीणा, पार्षद ईश्रार मोहम्मद, पार्षद ऐश्वर्य श्रृंगी, पार्षद गफ्फार हुसैन, पार्षद दिपक वर्मा, पार्षद मनोज गुप्ता, पार्षद कुलदीप प्रजापती, पार्षद सोनू अब्बासी, पार्षद कमल मीणा, पार्षद योगेन्द्र शर्मा, पार्षद कपिल शर्मा, पार्षद कुलदीप गौतम, पार्षद सुमन पेश्वानी, पार्षद ईति ज्योतीष सुमन, पार्षद शाईना इरफान धोसी, पार्षद तबस्सुम आसीफ मिर्जा, पार्षद जरीना बादशाह आदि उपस्थित रहे।




